>

Title : Need to construct a ROB/RUB at HUDCO railway crossing in Durg district, Chhattisgarh.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में स्थित हुडको रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहता है क्योंकि यह दो शहरों को जोड़ती है। भिलाई में भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थापित हैं और जहां पर कार्य करने वाले अधिकतर अधिकारी एवं कर्मचारी दुर्ग जिले में निवास करते हैं। इसके अलावा अनेक शैक्षणिक संस्थान भी भिलाई में स्थित हैं, जहां पर स्कूली बच्चों और विद्यार्थियों का सतत आावागमन जारी रहता है। उक्त क्रॉसिंग से क्योंकि भारी मात्रा में ट्रेनों की आवाजाही होती हे, यह क्रॉसिंग अक्सर बंद हो जाती है, जिससे जाम की स्थिति बन आती है एवं जनता को भारी असुविधा भी होती है एवं उसका समय भी बर्बाद होता है। अतः यह उचित होगा कि उक्त क्रॉसिंग पर एक ओवरब्रिज या अंडरब्रिज का निर्माण किया जाये, जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधा हो एवं अनावश्यक समय की बर्बादी न हो।